GHSS Kadannappally – X Hindi Test Jan. 2021
Max Marks 25 – Time 1 Hr.

सूचनाः 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

' 'बेला देखो इस बीरबहूटी का रंग तुम्हारे रिबन के जैसा लाल है।' साहिल ने कहा।'

1. बेला और साहिल क्या कर रहे थे? 1
2. 'तुम्हारे' में प्रयुक्त सर्वनाम कौन–सा है? (तू, तुम, आप) 1
3. इस प्रसंग पर **पटकथा का एक दृ**श्य तैयार करें। 4

सूचनाः 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़कर प्रश्न 4 का उत्तर लिखें।

'पैन में कुछ स्याही बची थी, उसे साहिल ने ज़मीन पर छिड़क दिया। नई स्याही भरवाने के लिए दोनों दुकान पर पहुँचे।'

4. प्रस्तुत प्रसंग पर एक **वार्तालाप** तैयार करें। 4

सूचनाः 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़कर प्रश्न 5 और 6 के उत्तर लिखें।

'गणित के माटसाब सुरेंदर जी का पीरियड खेल घंटी के बाद आता था। बच्चे उनसे काँपते थे। खेल घंटी बंद होने से दो मिनट पहले ही अपनी–अपनी जगहों पर बैठ जाते थे।'

5. बच्चे सुरेंदर जी से काँपते थे। क्यों? 2
6. बच्चों के प्रति सुरेंदर जी के व्यवहार के संबंध में आपका मत क्या है? 2

सूचनाः 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़कर प्रश्न 7 का उत्तर लिखें।

'साहिल की आँखें बीरबहूटी की तरह लाल होने लगी थीं' और उनमें बारिश की बूँदों–सा पानी भर गया था।'

7. प्रस्तुत प्रसंग पर साहिल के एक दिन की **डायरी** तैयार करें। 4

सूचनाः वाक्य की पूर्ति करें।

8. अब तुम कहाँ पढ़ोगी? अब वह कहाँ ....? 1

सूचनाः 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' टिप्पणी का अंश पढ़कर प्रश्न 9 और 10 के उत्तर लिखें।

'दो मनुष्यों के बीच मनुष्यता का अहसास यानी मानवीय संवेदना होना ज़रूरी है– जानकारियाँ ज़रूरी नहीं हैं।'

9. यहाँ कवि क्या कहना चाहते हैं? 2
10. यहाँ 'जानकारियाँ' माने क्या हैं? 1

सूचनाः 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' टिप्पणी का यह अंश पढ़कर प्रश्न 11 का उत्तर लिखें।

'व्यक्ति को मैं नहीं जानता था, हताशा को जानता था कहते ही वे जानने की उस जानी पहचानी रूढ़ि को तोड़ देते हैं....'

11. यहाँ 'जानी पहचानी रूढ़ि' क्या है? 2

12. जोड़िएः **3**

टूटा पहिया	–	विनोदकुमार शुक्ल
हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था	–	प्रभात
बीरबहूटी	–	धर्मवीर भारती

सूचनाः 'टूटा पहिया' कविता का यह अंश पढ़कर प्रश्न 13 का उत्तर लिखें।

'मैं रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ
लेकिन मुझे फेंको मत'

13. कविता की प्रासंगिकता पर टिप्पणी लिखें। 4

सूचनाः 'टूटा पहिया' कविता का यह अंश पढ़कर प्रश्न 14 और 15 के उत्तर लिखें।

कोई दुस्साहसी अभिमन्यु आकर घिर जाए!
अपने पक्ष को असत्य जानते हुए भी

14. यहाँ अभिमन्यु को दुस्साहसी क्यों कहा गया है? 2

15 यहाँ असत्य का पक्ष कौन–सा है? 1